साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदूषण से लबरेज शहरों की सूची में कानपुर पहले

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लाख कोशिशों के बावजूद देश में प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विश्व के सबसे प्रदूषित 15 शहरों की बात करें तो इनमें से 14 भारत के हैं। डब्ल्यूएचओ की तरफ से जारी सूची में पहले नंबर पर है उत्तर प्रदेश का कानपुर। साल 2016 की इस सूची में दिल्ली और फरीदाबाद का नाम भी है।

बिहार के गया का स्थान चौथा और पटना का स्थान छठा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के ताजा आंकड़े के मुताबिक दिल्ली में पीएम 2.5 ऐनुल ऐवरेज 143 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है जो नेशनल सेफ स्टैंडर्ड से तीन गुना ज्यादा है। 2016 के अंत में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए। अक्टूबर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लान, दिसंबर 2015 में ट्रकों पर इन्वाइरनमेंट कंपनसेशन चार्ज (ईसीसी) और प्रदूषण नियंत्रण के लिए एनसीआर के शहरों के बीच बेहतर समन्वय जैसे उपाय इनमें शामिल हैं। इन उपायों से हालत में कितना सुधार हुआ है, यह पता नहीं लग पाया है क्योंकि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में साल 2016 तक के डेटा को ही शामिल किया गया है।

### चलती ट्रेन में हुई प्रसव पीड़ा, प्लेटफार्म पर दिया बच्ची को जन्म

**जांजगीर चांपा (आरएनएस)।** झोपड़ी में 26 वर्षीय कोसावती निवास करती है। वह रोज बिलासपुर से ट्रेन के जरिए चांपा पहुंचकर मजदूरी करती है और शाम होते ही फिर ट्रेन के जरिए बिलासपुर चली जाती है। ये महिला गर्भवती थी और प्रसव का समय भी करीब था, लेकिन माली हालत खराब होने के कारण कभी कोसावती व उसके परिजनों ने डॉक्टरी सलाह नहीं ली। यही वजह है कि उसे व उसके परिजनों को प्रसव का सही समय पता नहीं चल पाया। आज मजदूर दिवस होने के बावजूद कोसावती पेट की आग बुझाने रोजी-रोटी की जुगत में रोज की तरह ट्रेन से सुबह चांपा पहुंच गई। जानकारी के अनुसार गर्भवती महिला को ट्रे में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गया था। कोसावती चांपा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो सीढ़ी के पास ही अचेत अव्यवस्था में पड़ी रही। इसी बीच शाम साढ़े चार बजे उसने एक स्वस्थ्य लड़की को जन्म दिया। भीड़भाड़ वाले चांपा जंक्शन में किसी की नजर उस बेबस व असहाय महिला पर नहीं पड़ी। इसी दौरान किसी काम से स्टेशन पहुंचे पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशन सोनी उसे देखकर मदद के लिए आगे आया। ट्रेन में सफर कर रहीं कुछ नर्स युवतियों ने नाल को काटकर बच्चे को अलग किया। किशन सोनी ने तत्काल अस्पताल में कॉल कर वाहन बुलवाया और जच्चा और बच्चा को बीडीएम अस्पताल रवाना किया गया। अभी चिकित्सकों की देखरेख में जच्चा और बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हैं। मामले की सूचना पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी की टीम भी अस्पताल पहुंच गई ।

### नया रायपुर के तीन सेक्टरों में 530 करोड़ से हो रहा छह हजार 296 मकानों का निर्माण

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास के अंतर्गत नया रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नया रायपुर के तीन सेक्टरों में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा 6 हजार 296 मकानों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के लिए दो हजार 312 ई.डब्ल्यू.एस. मकान और निम्न आय वर्ग के लिए तीन हजार 984 एल.आई.जी. मकान का निर्माण शामिल है। लोक निर्माण, आवास एवं पर्यावरण मंत्री राजेश मूणत ने आज यहां बताया कि इनके निर्माण में 530 करोड़ रूपए की लागत आएगी। इनका निर्माण नया रायपुर के सेक्टर 16, सेक्टर 30 और सेक्टर 34 में किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग दो हजार 600 मकानों के स्ट्रक्चर निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### नाबालिक का विवाह कराने पर 2 साल कैद और एक लाख जुर्माना

**बाल विवाह रोकथाम के लिए शासन की अपील**

**कोरबा (आरएनएस)।** बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के निवासी से अपील है कि ''बाल विवाह'' की रोकथाम में सहयोग करें, क्योंकि ''बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप के साथ ही साथ कानूनन प्रतिबंधित भी है''। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। अतः जिले के समस्त नागरिकों से निवेदन है कि बाल विवाह संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों व अधिनियम अंतर्गत प्रावधानों का पालन करें-

बाल विवाह के लिए दण्ड का प्रावधान - बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान के अनुसार 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरुष, यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला से विवाह करता है, तो उसे 02 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है/ करता है अथवा उसमें सहायता करता है, तो 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# पत्थरबाजों की हरकत से बेहद नाराज उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक प्राइवेट स्कूल बस पर पथराव की घटना में दो छात्र घायल हो गया. पुलिस के मुताबिक असामाजिक तत्वों के एक समूह ने शोपियां जिले के जावूरा में रैनबो हाई स्कूल की बस पर पथराव कर दिया था. हमले में दूसरी कक्षा के एक छात्र के सिर में चोट लग गई, जबकि एक अन्य छात्र भी घायल हो गया. पत्थरबाजों की इस हरकत पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कड़ी निंदा की है.



उमर ने ट्वीट किया, 'स्कूली बच्चों या पर्यटकों की बसों पर पथराव से कैसे इन पत्थरबाजों के एजेंडे को बढ़ाने में मदद मिलती है? इन हमलों की एकजुट होकर निंदा करनी चाहिए और मेरा यह ट्वीट इसका हिस्सा है.'

दरअसल पत्थरबाजों की इस हरकत से उमर अब्दुल्ला बेहद नाराज है. उनका कहना है कि पत्थरबाजों को कार्रवाई से राहत दी गई थी कि वो सुधर जाएंगे, लेकिन इनमें से कुछ लोग (गुंडे) इसका अब गलत फायदा उठा रहे हैं. हाल के दिनों में पत्थरबाजी के जो मामले आए हैं वो बेहद निंदनीय है.

घटना के बाद जख्मी छात्रों को समीप के एसके आईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जिस छात्र को ज्यादा चोट लगी है उसका नाम रेहान गोरसाई बताया जा रहा है और वह कक्षा दो का छात्र है. छात्र के पिता का कहना है कि इस मासूम ने किसका क्या बिगाड़ा था.

बता दें, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों और पत्थरबाजों के बीच अक्सर झड़प की खबरें आती रहती हैं. मगर बुधवार को पत्थरबाजों की इन करतूतों का शिकार स्कूल बच्चों को बनना पड़ा.

### सब इंजीनियर अपहरण मामले में 30 नक्सलियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बलरामपुर (आरएनएस)।** सब इंजीनियर समेत 3 लोगों के अपहरण और वाहनों में आगजनी के मामले में पुलिस ने 30 नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



विरसाय, मृत्युंजय, नवीन, विमल, बलराम, पंकज और राजू सहित सभी पर धारा 147, 148, 149, 141, 365, 427, 435 और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है। बता दें कि नक्सलियों ने ठेकेदार के दो मुंशी व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के एक सब-इंजीनियर को अगवा कर लिया था। पीएमजीएसवाई द्वारा झारखंड बॉर्डर पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के सामरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सबाग से चुनचुना-पुंदाग तक सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सबाग से सामरी थाना क्षेत्र के ग्राम बंदरचुआं तक सड़क बन चुकी है, आगे का काम चल रहा है।

### एसपी ने दागी गोली तो डीएम ने गाया गाना

**कटिहार (आरएनएस)।** बिहार के कटिहार जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सिद्धार्थ मोहन जैन का एक विडियो वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि अपनी ही फेयरवेल पार्टी में एसपी सिद्धार्थ जैन जमकर फायरिंग कर रहे हैं। इस विडियो में उनके साथ कटिहार के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्रा भी दिख रहे हैं। यह विडियो 1 मई का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, बिहार सरकार द्वारा किए गए हालिया तबादले में कटिहार के एसपी सिद्धार्थ मोहन जैन और जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्रा का भी ट्रांसफर हुआ है। इस मौके पर उनके जूनियर अधिकारियों ने एक पार्टी रखी थी और दोनों ने वहां पर जमकर मस्ती की। विडियो में देखा जा सकता है कि डीएम मिथिलेश मिश्रा माइक लेकर फिल्म शोले का गाना ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे... गा रहे थे, अचानक एसपी जैन इतना उत्साहित हो गए कि उन्होंने अपनी रिवॉल्वर निकाल ली और एक के बाद एक करके 10 राउंड फायरिंग कर दी। इस दौरान डीएम मिथिलेश मिश्रा या अन्य किसी ने उन्हें रोकना भी जरूरी नहीं समझा। हालांकि, अच्छी बात यह रही कि इस फायरिंग में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# अवैध कब्जे की जांच के लिए गये राजस्व और पुलिस टीम पर हमला

## एसआई समेत महिला पुलिसकर्मी घायल

**मुगला (आरएनएस)।** शहर से लगे ग्राम देवरी में अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान बनाने की शिकायत की जांच में गई टीम पर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया. वहीं अतिक्रमणकारियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए तहसीलदार के साथ बदसलूकी भी की।

जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली इलाके के देवरी निवासी गीता सिंह ने ब्रह्मकुमारी प्रजापति आश्रम के आम निस्तारी के जमीन पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा मकान बनाने की शिकायत की थी. मुंगेली तहसीलदार अविनाश ठाकुर बीती शाम को राजस्व अमला व पुलिस बल के साथ मौके की जांच में पहुंचे थे.

तभी आरोपी भेवन से जमीन के संबंध में तहसीलदार ने जब दस्तावेज की मांग की तो भेवन व उसके बेटे, पत्नी के द्वारा तहसीलदार को अश्लील गालियां देते हुए बदसलूकी की गई.

जान से मारने की धमकी भी दी गई. विवाद बढ़ता देख बीच बचाव करन पहुंचे सिटी कोतवाली पुलिस प्रभारी मनीष नागर के साथ भी बदसलूकी की गई।

हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पुलिस कर्मी व राजस्व अमला के कर्मचारी के साथ झूमाझटकी करते हुए मारपीट कर की. जिससे एक एसआई व एक महिला पुलिस कर्मी को गंभीर चोट लगी है.

### पीईटी तथा पीपीएचटी की परीक्षा 3 को

**कोरबा (आरएनएस)।** छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पीईटी तथा पीपीएचटी की परीक्षा गुरूवार तीन मई को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में पीईटी की परीक्षा प्रातः 9 बजे से अपरांह 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में पीपीएचटी की परीक्षा अपरांह 2 बजे से 5.15 बजे तक कोरबा जिले के दो परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी।

दोनों पालियों में परीक्षार्थियों का प्रवेश आधा घंटा पूर्व होगा। प्रथम पाली में 9.15 बजे के बाद तथा द्वितीय पाली में 2.15 बजे के बाद परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा परीक्षार्थियों को प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र एवं परिचय पत्र (मतदाता परिचय पत्र, ड्राईविंग लायसेन्स, आधार कार्ड, पेन कार्ड, चालू सत्र में विद्यालय या महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र इनमें से कोई एक) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो प्रिन्ट नहीं हुआ होगा उन्हें परीक्षा कक्ष में दो पासपोर्ट साइज के नवीनतम रंगीन फोटो लाना अनिवार्य होगा। जिलें में पीईटी के 930 एवं पीपीएचटी के 698 कुल 1628 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

उक्त परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, उड़नदस्ता दल गठित कर दी गई है। शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है।

### फर्जी दस्तावेज से मकान का रजिस्ट्री करवाने वाले दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** फर्जी दस्तावेज के माध्यम से मुख्तयारनामा तैयार कर जमीन रजिस्ट्री करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रूबिना मुन्नौवर पति मोहम्मद मुन्नौवर 36 वर्ष विद्यानगर कोतवाली की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी सीराज अहमद अपनी मां बिल्किस बानो के साथ मिलकर मठपुरैना स्थित मकान के फर्जी दस्तावेज प्राप्त कर अपने नाम का मुख्तयारनामा तैयार किया और 14 लाख 51 हजार रूपए लेकर उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री करवा लिया।

### सात आईएएस अफसरों के प्रभारों में फेरबदल

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के सात अफसरों के प्रभारों में फेरबदल करते हुए उनके नए दायित्वों से संबंधित आदेश आज सामान्य प्रशासन विभाग नया मंत्रालय से जारी कर दिया गया है।




मंत्रालय से जारी आदेशानुसार आईएएस राजेश कुमार टोप्पो को संचालक जनसंपर्क तथा अतिरिक्त प्रभार को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) जनसंपर्क विभाग पदस्थ करते हुए आयुक्त, जनसंपर्क एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह चंद्रकांत उईके सचिव छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को अस्थाई रूप से संचालक जनसंपर्क बनाया गया है। नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बनाया गया है। दीपक सोनी मिशन संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अतिरिक्त प्रभार अपर विकास आयुक्त कार्यालय को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर बनाया गया है तथा पुष्पा साहू उपसचिव छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को अस्थाई रूप से सचिव छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में ही पदस्थ किया गया है।

### दूषित पेयजल के कारण डायरिया की चपेट में 50 ग्रामीण

**बालोद (आरएनएस)।** दूषित पेयजल के कारण ग्राम बोरी के 50 ग्रामीण डायरिया की चपेट में आ गए हैं। गंभीर रूप से प्रभावित 23 ग्रामीणों का जिला अस्पताल बालोद में इलाज चल रहा है। मरीजों की संख्या में इजाफा होते देख स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में ही कैम्प लगा कर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। जहां मरीजों की स्थिति सामान्य बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना द्वारा बनाई जा रही सड़क से पाइपलाइन में गंदेपानी का सीपेज हो रहा है। डॉ. आर प्रसन्ना मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि मरीजों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है जहां उनकी स्थिति सामान्य बनी हुई है। भोमेश कुमार साहू ने बताया कि दूषित पेयजल के कारण ही उल्टी दस्त की शिकायतें सामने आ रही है। तबीयत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल बालोद में इलाज चल रहा है। रूप राम साहू ने बताया कि दूषित पेयजल के कारण ही ग्रामीणों में डायरिया का प्रकोप देखा जा रहा है। डायरिया पीड़ित रूप राम ने बताया कि उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और फिलहाल स्थिति में सुधार है।

# भीषण गर्मी से घटने लगा नदियों, जलाशयों व कुओं का जल स्तर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी से एक ओर जहां प्रदेश लोग हलाकान है, वहीं दूसरी ओर नदी, जलाशयों व कुओं का जल स्तर भी गिरने लगा है, जो किसानों की परेशानी का एक सबब भी बना हुआ है।



गौरतलब हो कि पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ में औसत से काफी कम बारिश होने से प्रदेश के कई जिलों में सूखा के हालात थे। जिससे किसानों की जमीनों में फसल की जगह दरारे पड़ी रही। सूखा पड़ने के कारण प्रदेश में कई किसानों के सामने भयंकर आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ जिसके चलते कुछ किसानों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं भी सामने आयी। हालांकि दूसरी ओर सूखा प्रभावित किसानों को केन्द्र सरकार की मदद से राज्य सरकार द्वारा राहत पहुंचाते हुए मुआवजा राशि दिलायी गई। लेकिन इनमें कई प्रभावित किसानों को अब तक यह मुआवजा राशि नहीं मिल पायी है, जिसके चलते किसानों की परेशानी बनी हुई है। एक ओर जहां बीते साल में कम बारिश होने से किसानों की परेशानी अभी खत्म नहीं हुई कि इस बार फिर मानसून को लेकर किसानों में अभी से खौफ देखा जा रहा है। जिस तरह से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है उससे एक बार प्रदेश के नदियों, जलाशयों, कुओं का जल स्तर तेजी से घट रहा है। मानसून आते-आते यह जल स्तर और घटेगा।

### तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से महिला की मौत, अकलतरा में किया सड़क जाम

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार, आज दोपहर जांजगीर मोड़ मिनीमाता चौक के पास अकलतरा में तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक महिला को ठोकर मार दी। हादसे के बाद महिला दूर जा गिरी। गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला तरौद निवासी बताई जा रही है।

इधर, दुर्घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर नाराज लोगों को समझाइश दे रही है।

### छत्तीसगढ़ के युवाओं को भारतीय वायु सेना में भर्ती होने का सुनहरा अवसर

**वायु सेना भर्ती रैली 15 से 21 तक रायगढ़ में**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के युवाओं को भारतीय वायु सेना में भर्ती होने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। भारतीय वायु सेना द्वारा आगामी 15 मई से 21 मई तक रायगढ़ जिला मुख्यालय में भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली भारतीय वायु सेना में आई.एस.एफ (सिक्योरिटी) पद के लिए आयोजित की जा रही है। भर्ती रैली रायगढ़ के तहसील कार्यालय के सामने मिनी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ऐसे युवा जिनकी जन्मतिथि 13 जनवरी 1998 से दो जनवरी 2002 के मध्य, ऊंचाई 152.5 से.मी. तथा जिन्होंने हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है (अंग्रेजी विषय में पृथक से 50 प्रतिशत अंक) इस भर्ती रैली में भाग ले सकते है।